# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## चतुर्दश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-2

मंगलवार, तिथि $\frac{\text{13 फाल्गुन, 1946 (श०)}}{\text{04 मार्च, 2025 (ई०)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 113**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | शिक्षा विभाग | .. | .. | 81 |
| (2) | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग | .. | .. | 06 |
| (3) | कला, संस्कृति एवं युवा विभाग | .. | .. | 04 |
| (4) | समाज कल्याण विभाग | .. | .. | 04 |
| (5) | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग | .. | .. | 01 |
| (6) | खान एवं भूतत्व विभाग | .. | .. | 01 |
| (7) | परिवहन विभाग | .. | .. | 04 |
| (8) | मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग | .. | .. | 01 |
| (9) | खेल विभाग | .. | .. | 10 |
| (10) | पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग | .. | .. | 01 |
| | | | कुल योग -- | 113 |

विद्यालय भवन का निर्माण

*60. श्री फते बहादुर सिंह (डेहरी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत डिहरी प्रखंड में रामप्यारी बालिका +2 उच्च विद्यालय में भवन की कमी रहने के कारण पठन-पाठन में काफी परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार छात्राओं के अनुपात में नया भवन बनाने का विचार रखती है, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

आँगनबाड़ी केन्द्र बनवाना

*61. श्री अरूण सिंह (काराकाट)--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में 4413 सक्षम आँगनबाड़ी केन्द्र बनाने की योजना है जिसके अन्तर्गत प्रत्येक प्रखंड में आधुनिक सुविधाओं से युक्त आँगनबाड़ी केन्द्र बनाया जाना है, यदि हाँ, तो क्या सरकार रोहतास जिलान्तर्गत विक्रमगंज नगर परिषद् के वार्ड संख्या 27 में सक्षम आँगनबाड़ी केन्द्र बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थानान्तरण के संबंध में

*62. श्री मुकेश कुमार रौशन (महुआ)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला कार्यालय/शिक्षा अंचल, पटना सदर/फतुहा सहित राज्य के सभी शिक्षा अंचलों में संविदा पर बहाल डाटा इन्ट्री ऑपरेटर/लेखा सहायक 10 वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थापित हैं, यदि हाँ, तो सरकार मंत्रिमंडल सचिवालय, बिहार के पत्रांक 881, दिनांक 3 जून, 2009 के कंडिका-02 एवं 03 के निर्देश के अनुरूप तीन वर्षों से अधिक/गृह जिले में पदस्थापित डाटा इन्ट्री ऑपरेटर/लेखा सहायक को कबतक स्थानान्तरित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

महाविद्यालय का भवन निर्माण

*63. श्री कुंदन कुमार (बेगूसराय)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला मुख्यालय में स्थित गणेशदत्त महाविद्यालय में अतिरिक्त वर्ग कक्ष हेतु भवन निर्माण (G+3) के लिये शिक्षा विभाग के द्वारा राशि की स्वीकृति एवं टेंडर प्रक्रिया में जाने के बाद भी आजतक निर्माण कार्य लम्बित है, जिससे छात्र-छात्राओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त महाविद्यालय के भवन निर्माण कार्य में हो रहे विलम्ब की जाँच कराते हुये कबतक निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुस्तकालय व सांस्कृतिक केन्द्र भवन का निर्माण

*64. श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता (सिकटा)--क्या मंत्री, कला, संस्कृति और युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत मैनाटाँड़ प्रखंड के चौहट्टा, रामपुर और भगहां पंचायत के 14 गाँवों में बंगाली शरणार्थी परिवार रहते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि बंगाली शरणार्थियों के गाँवों में न तो उनकी मातृ भाषा बांग्ला के साहित्य से संबंधित पुस्तकालय है और न कोई सांस्कृतिक केन्द्र भवन है, जिसके फलस्वरूप उनकी संस्कृति के संरक्षण का खतरा उत्पन्न हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बांग्ला भाषा से जुड़े साहित्य का पुस्तकालय व सांस्कृतिक केन्द्र भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय भवन का निर्माण

*65. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (रक्सौल)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत आदापुर प्रखंड के भवानीपुर पंचायत में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, सोनरा टोला का भवन नहीं होने के कारण उक्त विद्यालय का संचालन दूसरे विद्यालय में कराया जा रहा है, जिससे बच्चों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सोनरा टोला में विद्यालय के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

लम्बित संचिकाओं का निष्पादन

*66. श्री अजय कुमार (विभुतिपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के शिक्षा विभाग के नियोजन पदाधिकारी, समस्तीपुर के कार्यालय में उक्त जिला के नियोजित शिक्षकों का चिकित्सा अवकाश, मातृत्व अवकाश, पितृत्व अवकाश एवं योग्यता विस्तार की स्वीकृति जुलाई, 2024 से ही लम्बित है, जिसके कारण शिक्षकों का उस अवधि का वेतन अप्राप्त है, जबकि कई शिक्षकों का दूसरे जिलों में स्थानान्तरण भी हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त लम्बित कार्यों का निष्पादन कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का निर्माण

*67. श्री संजय सरावगी (दरभंगा)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मिथिला क्षेत्र में खेलों के लिये राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के लहेरियासराय में स्थानीय स्तर पर नेहरू स्टेडियम है तथा स्टेडियम एवं स्टेडियम के बाहर उपलब्ध भूमि को मिलाने पर वहाँ राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम के निर्माण हेतु सभी अर्हताएँ पूरी होती हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्टेडियम एवं स्टेडियम के बाहर उपलब्ध भूमि को मिलाकर राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का निर्माण

*68. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय (कुचायकोट)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत प्रखंड-कुचायकोट, पंचायत संगवाडीह के ग्राम-चैलवा के पावर हाउस के समीप खेल स्टेडियम के निर्माण हेतु पर्याप्त भूमि उपलब्ध है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर खेल स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मॉडल भवन का निर्माण

*69. श्री रामप्रवेश राय (बरौली)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत नामचीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बरौली उच्च विद्यालय के पुराने भवन में संचालित होता है, वहाँ भवन निर्माण हेतु पर्याप्त जमीन रहते हुये इंटर कक्षा संचालन हेतु मॉडल भवन का निर्माण नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो सरकार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बरौली में इंटरमीडिएट कक्षा संचालन हेतु मॉडल भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

खेल मैदान बनाना

*70. श्री नरेंद्र कुमार नीरज (गोपालपुर)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत इस्माईलपुर प्रखंड के परवत्ता पंचायत में एकमात्र खेल का मैदान जो विद्यालय की भूमि पर अवस्थित है का मानक के अनुरूप निर्माण नहीं होने तथा सौन्दर्यीकरण के अभाव के कारण खिलाड़ियों के लिये उपयुक्त नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त खेल मैदान का मानक के अनुरूप निर्माण तथा सौन्दर्यीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण करना

*71. श्री मुरारी मोहन झा (केवटी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के केवटी प्रखंड के पंचायत बरही अन्तर्गत +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय, बरही का वर्तमान में अपना भवन नहीं है, जिसके कारण वर्ग का संचालन मध्य विद्यालय के भवन में किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय के लिये ग्रामीणों द्वारा भूमि उपलब्ध कराया गया है, जिसका खाता संख्या 1242, खेसरा संख्या 3378, 3382 एवं 3383 है, उसके बावजूद भी विभाग के द्वारा भवन का निर्माण नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

छात्रावास का जीर्णोद्धार

*72. श्रीमती मंजु अग्रवाल (शेरघाटी)--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड-शेरघाटी के ग्राम पंचायत, श्रीरामपुर के ग्राम-बी0टी0 बिगहा स्थित छात्रावास देख-रेख के अभाव में जीर्ण-शीर्ण हो चुका है, जिसके कारण दलित एवं महादलित छात्रों को सुदूरवर्ती स्थानों पर रहकर पठन-पाठन का कार्य करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त छात्रावास को आवासन योग्य बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

छात्रावास का निर्माण

*73. श्री अवध विहारी चौधरी (सिवान)--क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिये एक भी छात्रावास नहीं रहने के कारण छात्रों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, साथ ही उनके पाठन-पाठन पर भी बुरा असर पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार छात्रों के हित में सिवान जिला में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिये छात्रावास का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय भवन का निर्माण

*74. श्री राम सिंह (बगहा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिलान्तर्गत प्रखंड बगहा-1 के ग्राम पंचायत राज बांसगांव मंझरिया में अवस्थित मध्य विद्यालय, मंझरिया को 10+2 विद्यालय में अपग्रेड कर दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि परिणत 10+2 विद्यालय पूर्व के मध्य विद्यालय के भवन में ही संचालित हो रहा है, जबकि इस विद्यालय में बच्चों की कुल संख्या 965 है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त +2 विद्यालय का भवन/क्लास रूम/कम्प्यूटर क्लास रूम निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आँगनबाड़ी केन्द्रों के भवन बनाना

*75. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (मनिहारी)--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत धुरियाही पंचायत में बुढ़िया टीकर वार्ड संख्या-05, आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या-151, वार्ड संख्या-04, वार्ड संख्या-06, आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या-40, वार्ड संख्या-02, शाहपुर तिरासी टोला, आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या-150 भवनहीन है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों का भवन बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मदरसा भवन का निर्माण

*76. श्री शमीम अहमद (नरकटिया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकारी विद्यालय का भवन बनाने एवं भवन के रख-रखाव तथा अन्य कार्यों के लिए विद्यालय विकास अनुदान राशि दिया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी मदरसों के भवन निर्माण हेतु विद्यालय विकास अनुदान की राशि उपलब्ध नहीं करायी जाती है जिससे मदरसा का भवन जर्जर होता जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार विद्यालय के तर्ज पर सरकारी मदरसों का भवन बनाने एवं भवन के रख-रखाव के लिए राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

संग्रहालय का निर्माण करवाना

*77. श्री आलोक रंजन (सहरसा)--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत संत कारू खिरहर संग्रहालय का भवन काफी जर्जर है तथा इसकी सुरक्षा भी पर्याप्त नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा उक्त संग्रहालय के निर्माण का प्रस्ताव लिया गया था तथा इसका प्राक्कलन तैयार करते हुए भूमि हस्तांतरण से संबंधित सभी प्रक्रियाएँ पूर्ण करवा ली गई है, किन्तु अभी तक निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति विभाग द्वारा नहीं दी गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त संग्रहालय का निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्राथमिक विद्यालय स्थापित करना

*78. श्री अचमित ऋषिदेव (रानीगंज, अररिया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत-नंदनपुर के वार्ड नं0-13 ग्राम-गोपालपुर में 300 से अधिक घर महादलितों का है, लेकिन डेढ़ किलो मीटर के दायरे में कोई विद्यालय नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर एक प्राथमिक विद्यालय स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चाणक्य महोत्सव का आयोजन करना

*79. श्रीमती रश्मि वर्मा (नरकटियागंज)--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला अंतर्गत नरकटियागंज प्रखंड के चमुआ पंचायत में चानकी ग्राम में ऐतिहासिक चानकी गढ़, चाणक्य का किला अवस्थित है तथा उक्त स्थान पर प्रत्येक वर्ष चाणक्य महोत्सव के आयोजन से चाणक्य के प्राचीन किले एवं उनके विचारों को जीवंत करते हुए जनमानस तक पहुँचाया जा सकता है,यदि हाँ, तो क्या सरकार प्रत्येक वर्ष उक्त स्थान पर चाणक्य महोत्सव का आयोजन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

खेल मैदान को विकसित करना

*80. श्री प्रमोद कुमार (मोतिहारी)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत सरकार द्वारा खेल मैदान का सुदृढ़ीकरण का कार्यक्रम चल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार पूर्वी चम्पारण जिला के नेहरू स्टेडियम, पिपरा कोढ़ी खेल मैदान को खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत कबतक विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड का निर्माण

*81. श्री जिवेश कुमार (जाले)--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकारी प्रावधान के अनुसार पांच सौ एवं उससे अधिक आबादी वाले महादलित बस्ती में सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड का निर्माण कराया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत सिंहवाड़ा प्रखण्ड के निस्ता पंचायत एवं कटका पंचायत में सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड नहीं है, जबकि दोनों पंचायत में पांच सौ से अधिक महादलित की आबादी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों पंचायत में सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अंगीभूत महिला डिग्री महाविद्यालय खोलना

*82. श्री राम नारायण मंडल (बाँका)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिला में एक भी महिला अंगीभूत डिग्री महाविद्यालय नहीं रहने से जिले के इन्टर पास छात्राओं को अपनी आगे की पढ़ाई जारी रखने हेतु काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बांका जिले के जिला मुख्यालय में अंगीभूत महिला डिग्री महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

डिग्री कॉलेज की स्थापना

*83. श्री विनय कुमार (गुरूआ)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत गुरूआ विधान सभा क्षेत्र में उच्च शिक्षा के लिए सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं रहने के कारण इस क्षेत्र के 37 पंचायतों के गरीब छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु बाहर जाना पड़ता है जिसके कारण उनकी पारिवारिक आर्थिक स्थिति खराब होने के साथ 30 प्रतिशत छात्र-छात्राएं डिग्री की पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त क्षेत्र में डिग्री कॉलेज की स्थापना कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

संविदा कर्मियों के अनुरूप सेवा का लाभ

*84. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लु सिंह (नबीनगर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूरे राज्य के विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना अन्तर्गत प्रखंड साधन सेवी एवं जिला साधन सेवी की नियुक्ति संविदा के आधार पर सरकार के दिशा-निर्देश के अनुरूप किए जाने के बावजूद इन्हें अन्य संविदा पर नियुक्त कर्मियों के अनुरूप सेवा लाभ नहीं मिला रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त साधन सेवियों को अन्य संविदा कर्मियों के अनुरूप सेवा लाभ कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय भवन का निर्माण

*85. श्री कुमार शैलेन्द्र (बिहपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नाथनगर प्रखंड के ग्राम-रन्नूचक में प्राथमिक विद्यालय, रन्नूचक जो कि काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, उसे बंद कर दिया गया है एवं इस विद्यालय को गाँव से डेढ़ से दो किलो मीटर दूसरे जगह स्थानांतरित कर दिया गया है, जिससे गाँव से ज्यादातर बच्चे पढ़ाई से वंचित रहे हैं, जबकि उक्त ग्राम में ही अपनी सरकारी जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय को नये सिरे से निर्माण कर गाँव में ही स्कूल चलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

महिला छात्रावास का निर्माण

*86. श्री छत्रपति यादव (खगडिया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अंतर्गत खगड़िया नगर परिषद् क्षेत्र के एकमात्र महिला महाविद्यालय खगड़िया हेतु जमीन उपलब्ध होते हुए भी महिला छात्रावास का निर्माण अभीतक नहीं हो पाया है, जिससे दूर-दराज से आने वाली छात्राओं को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त महाविद्यालय में महिला छात्रावास का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बकाये राशि का भुगतान

*87. श्री अशोक कुमार चौधरी (सकरा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिक्षा विभाग के ज्ञापांक 570, दिनांक 24 अगस्त, 2012 के तहत जनवरी, 2023 से प्रतिमाह विभागीय अंशदान 200/- रु० नियोजित शिक्षक के UTI रिटायर्ड बेनिफिट पेंशन फंड में जमा हेतु स्वीकृत्यादेश पत्रांक 191, दिनांक 06 मार्च, 2023 द्वारा निर्गत किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना एवं मुजफ्फरपुर जिले के एक भी नियोजित शिक्षकों के UTI रिटायर्ड बेनिफिट पेंशन फंड में सरकार द्वारा दी जाने वाली राशि अभी तक नहीं जमा की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार UTI रिटायर्ड बेनिफिट पेंशन फंड के स्कीम के तहत जनवरी, 2013 से अबतक के बकाये राशि को नियोजित शिक्षकों के पेंशन फंड खाते में जमा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मदरसा शिक्षकों की नियुक्ति

*88. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (बहादुरगंज)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में काफी लम्बे समय से मदरसा शिक्षकों की नियुक्ति पर रोक लगी हुई है, जिसके कारण सैकड़ों मदरसा में या तो एक शिक्षिका या फिर शिक्षक विहीन होने के कारण पठन-पाठन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार मदरसा शिक्षकों की नियुक्ति पर से लगी रोक कबतक हटाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

प्राथमिक विद्यालय शुरू करना

*89. श्री अजय यादव (अतरी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड खिजरसराय के ग्राम पंचायत बिहटा के ग्राम कोहवारा में लगभग एक सौ घर की आबादी रहने के बावजूद प्राथमिक विद्यालय का यूनिट नहीं रहने के कारण यहां के बच्चों के दूसरे विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य करना पड़ रहा है, जबकि विद्यालय के लिये जमीन भी उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम में प्राथमिक विद्यालय का यूनिट करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्टेडियम निर्माण के संबंध में

*90. श्री राजेश कुमार सिंह (मोहिउद्दीन नगर)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के प्रखंड मोहिउद्दीन नगर में युवाओं के लिये एक भी खेल स्टेडियम नहीं होने के कारण युवाओं में खेल-कूद की प्रतिभा के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार आर०बी०एस० महाविद्यालय में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

जनसंवाद का आयोजन करना

*91. श्री नारायण प्रसाद (नौतन)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 22 मई, 2024 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''शिक्षा विभाग में फिर जनता दरबार लगाने की तैयारी'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत कार्यरत शिक्षकों एवं बच्चों के अभिभावकों की समस्याओं के निराकरण हेतु शिक्षा विभाग ने प्रत्येक शनिवार को जिला शिक्षा कार्यालय में जनसंवाद का आयोजन करने का निदेश दिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय आदेश के आठ माह बीत जाने के बावजूद जिला शिक्षा कार्यालय, पश्चिमी चम्पारण, बेतिया में आदेश का अनुपालन नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार शिक्षकों एवं अभिभावकों के समस्याओं का निराकण हेतु जनसंवाद आयोजन कब से प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

शिक्षकों का स्थानांतरण

*92. श्री सुर्यकान्त पासवान (बखरी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकारी विद्यालयों के एक लाख से ज्यादा शिक्षकों ने अपने तबादले के लिये आवेदन किया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षकों का पदस्थापन गृह जिले से 200 किलोमीटर की दूरी पर होने से पति-पत्नी को भिन्न-भिन्न स्थानों पर पदस्थापित रहने के कारण गंभीर पारिवारिक संकट उत्पन्न हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक शिक्षकों को उनके गृह जिला में स्थानांतरित करने का विचार रखती है ?

------------

विद्यालय का भवन निर्माण के संबंध में

*93. श्री प्रेम शंकर प्रसाद (बैकुंठपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला गोपालगंज अन्तर्गत बैकुंठपुर विधान सभा क्षेत्र के बखड़ी पंचायत के मुंजा में 10+2 विद्यालय का नव भवन निर्माण हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नवनिर्मित विद्यालय भवन में पठन-पाठन की व्यवस्था कबतक शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्यालय को उत्क्रमित कर मध्य विद्यालय बनाना

*94. श्री शकील अहमद खाँ (कदवा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के कुम्हडी ग्राम पंचायत में प्राथमिक विद्यालय, रहमतनगर है, जिसके निकटवर्ती 2 कि०मी० की दूरी में कोई भी मध्य विद्यालय नहीं है जिसके कारण रहमतनगर ग्राम के छात्र-छात्राओं को आगे की शिक्षा प्राप्त करने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय को उत्क्रमित कर मध्य विद्यालय बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मदरसा का संचालन करना

*95. श्री सैयद रूकनुद्दीन अहमद (बैसी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मदरसा इस्लमिया हथियाँ दियरा, पोस्ट दलन मदरसा नं०-662 के नाम से निर्बंधित भूमि पर संचालित नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मदरसा बोर्ड प्राथमिक विद्यालय हथियाँ दियरा डिस्ट्रीक्ट बोर्ड की भूमि पर संचालित हो रही है, जबकि सचिव, बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड के ज्ञापांक 854, दिनांक 20 जून, 2023 द्वारा बोर्ड के अनुमोदन की प्रत्याशा में सचिव द्वारा उपलब्ध करायी गयी भूमि एवं नव-निर्मित भवन में मदरसा के संचालन की स्वीकृति दी गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मदरसा को प्राप्त निर्बंधित भूमि पर कबतक संचालित कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

छात्रों का नामांकन कराना एवं अवैध राशि वसूली पर रोक लगाना

*96. श्री राम विशुन सिंह (जगदीशपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत सभी प्राईवेट विद्यालयों में सरकार के आदेशनुसार कुल नामांकित छात्र-छात्राओं का 25 प्रतिशत गरीब छात्रों का नामांकन किया जाना है किन्तु गरीब छात्रों का नामांकन नहीं हो रहा तथा उनके नामांकन के नाम पर अवैध राशि ली जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार प्रत्येक प्राईवेट विद्यालय में सरकार के नियमानुसार 25 प्रतिशत गरीब छात्रों का नामांकन कराने एवं अवैध राशि वसूली पर कबतक रोक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## वित्तरहित महाविद्यालयों को फीस की भरपाई

*97. श्री अजय कुमार सिंह (जमालपुर, मुंगेर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अनुसूचित जाति/अनु० जन-जाति सहित सामान्य वर्ग के छात्राओं को महाविद्यालय में कोई फीस नहीं देनी होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तरहित महाविद्यालय द्वारा फीस नहीं लेने वाले राशि की भरपाई सरकार द्वारा नहीं होने के कारण वित्तरहित महाविद्यालय की आर्थिक स्थिति खराब हो गई, जिसके कारण पठन-पाठन पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उन महाविद्यालयों के लिये नीति में संशोधन कर फीस की राशि की भरपाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## खेल मैदान बनवाना

*98. श्री मो० नेहालउद्दीन (रफीगंज)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में खेल मैदान बनाने की घोषणा की गई है, जिससे युवाओं को खेल में बेहतर प्रदर्शन, अभ्यास करने और उनके कौशल में निखार लाया जा सके, किन्तु रफीगंज विधान सभा क्षेत्र के दोनों प्रखंडों रफीगंज एवं मदनपुर की पंचायत को इसमें शामिल नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों प्रखंडों की पंचायतों को इसमें शामिल करते हुये प्रत्येक पंचायत में खेल मैदान बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## निलंबन मुक्त करना

*99. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (पिपरा, पूर्वी चंपारण)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के 641 वित्तरहित माध्यमिक विद्यालयों का कोड विनियमावली, 2011 के आधार पर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना के द्वारा निलंबित कर दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालयों का कोड निलंबित होने से वर्ग 9 में नामांकित विद्यार्थियों का वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2026 के लिये पंजीयन बाधित है, जिससे उन विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में पड़ गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों का कोड निलंबन मुक्त करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

## डिग्री कॉलेज खोलना

*100. श्री गुंजेश्वर साह (महिषी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि महिषी विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड सत्तर कटैया एवं नवहट्टा में कोई भी डिग्री कॉलेज नहीं है, जिसके कारण उक्त क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या औसतन काफी कम है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त क्षेत्र के छात्र-छात्राएं गरीबी एवं हर साल आने वाले बाढ़ के कारण सहरसा, मधेपुरा जाकर स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई नहीं कर पाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र में डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## डिग्री कॉलेज खोलना

*101. श्री मनोज यादव (बेलहर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला में एक ही डिग्री कॉलेज है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बेलहर प्रखंड पूर्व से ही नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहा है तथा इस प्रखंड से जिले की दूरी 60 कि०मी० है, जिसके कारण यहां के बच्चों को उच्च शिक्षा से वंचित रहना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेलहर प्रखंड मुख्यालय में एक डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

## विशिष्ट शिक्षकों का योगदान कराना

*102. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह (आरा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि ग्राम पंचायत नियोजन इकाई से चयनित नियोजित शिक्षक जो राज्य के वैसे मध्य विद्यालय में पदस्थापित हैं, जहां केवल 6 से 8 तक ही वर्ग कक्षा संचालित होता है और वहां पदस्थापित शिक्षक राज्य सरकार के अधीन शिक्षा विभाग द्वारा वर्ग 6 से 8 के विशिष्ट शिक्षक हेतु आयोजित सक्षमता परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद विशिष्ट शिक्षक का योगदान पत्र भी दिया जा चुका है परन्तु उन सभी शिक्षकों को मध्य विद्यालय में योगदान करने से प्रधानाध्यापक द्वारा शिक्षा विभाग के पत्रांक-7/विविध 181/24-2452, दिनांक 31 दिसम्बर, 2024 के क्रम सं० 03 पृच्छा का बिंदु का हवाला देकर रोक दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार सक्षमता परीक्षा पास कर चुके विशिष्ट शिक्षको का कबतक योगदान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## जर्जर आँगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण

*103. श्री विजय कुमार (शेखपुरा)--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत चेवाड़ा प्रखंड के सियानी पंचायत के ग्राम उकसी वार्ड नं० 11 एवं छठियारा पंचायत के ग्राम छठियारा के वार्ड नं०-1 में अवस्थित आँगनबाड़ी केन्द्र का भवन जर्जर रहने के कारण वार्ड नं० 11, ग्राम उकसी का निजी मकान में एवं वार्ड नं० 11 छठियारा का सामुदायिक भवन में संचालन किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा अपने पत्रांक 302/2024, दिनांक 10 अक्टूबर, 2024 को विभागीय मंत्री, विभागीय सचिव एवं पत्रांक-328/2024, दिनांक 17 अक्टूबर, 2024 जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, शेखपुरा को पत्र देने के बावजूद भी अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थान पर नये भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषियों पर कार्रवाई कराना

*104. श्री ललित कुमार यादव (दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिक्षा विभाग द्वारा दरभंगा, बेतिया सहित राज्य के सभी जिलों के विद्यालय में पेयजल स्वच्छता हेतु बोरिंग, शौचालय एवं पठन-पाठन हेतु विद्यालय का जीर्णोद्धार चहारदीवारी निर्माण, बेंच, डेस्क एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति बिना निविदा के ही किया गया है, जिसमें भारी अनियमितता हुई है एवं मानक के अनुरूप कार्य एवं आपूर्ति भी नहीं की गई है, यदि हाँ, तो सरकार उच्च-स्तरीय जाँच कराकर दोषियों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

तथ्यों की जाँच कराना

*105. श्री मुकेश कुमार यादव (बाजपट्टी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि श्री विपिन बिहारी सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक उच्च विद्यालय, पुरूषोतपुर, जिला मुजफ्फरपुर के विरूद्ध निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) बिहार, पटना के पत्रांक 9/सा0प्र0अ0-179/2022/2665, दिनांक 16 दिसम्बर, 2022 द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर को वरीय लेखा अधिकारी महालेखाकार कार्यालय, बिहार, पटना के पत्र के साथ संलग्न श्री जीतेन्द्र कुमार के परिवाद-पत्र की छाया प्रति भेजते हुए परिवाद-पत्र में अंकित आरोपों की सम्यक जाँच कराकर नियमानुसार कार्रवाई करने एवं कृत कार्रवाई से अवगत कराने को निर्देश दिया गया था, परन्तु अभी तक उपर्युक्त तथ्यों की जाँच नहीं कराई गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त तथ्यों की जाँच कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

-------------

घाटों की संख्या बढ़ाने हेतु

*106. श्री तारकिशोर प्रसाद (कटिहार)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि महानंदा, गंगा, कोसी और बरंडी नदी से घिरे कटिहार जिला में नाव के परिचालन हेतु मानक के अनुरूप पर्याप्त सरकारी घाटों के अभाव में बड़ी संख्या में लोग उक्त नदियों के किनारे अवस्थित दर्जनों अवैध घाटों से यातायात करते हैं, जिससे उनके जान-माल का खतरा बना रहता है;

(2) क्या यह बात सही है कि 19 जनवरी, 2025 को उक्त जिले के अमदाबाद प्रखंड के मेघू टोला अवस्थित अवैध घाट से परिचालित नाव के गंगा नदी में डूबने से कई लोग काल-कवलित हो गये;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदियों के किनारे सरकारी घाटों की संख्या बढ़ाने एवं अवैध घाटों के परिचालकों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुस्तकालय की स्थापना

*107. श्री राकेश कुमार रौशन (इस्लामपुर, नालंदा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के इस्लामपुर नगर परिषद् क्षेत्र में अवस्थित जी0एम0के0 +2 उच्च विद्यालय में पुस्तकालय की सुविधा नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त +2 उच्च विद्यालय में पुस्तकालय की स्थापना करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्टेडियम का निर्माण

*108. श्रीमती रेखा देवी (मसौढ़ी)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के प्रत्येक प्रखंड में एक स्टेडियम का निर्माण कराए जाने की सरकार की योजना है, किन्तु पटना जिलान्तर्गत मसौढ़ी प्रखंड में अबतक कोई स्टेडियम का निर्माण नहीं हो पाया है जिसके कारण होनहार युवा छात्र-छात्राओं में खेलकूद की प्रतिभा का विकास नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार युवाओं एवं खिलाड़ियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उक्त स्थान पर स्टेडियम बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्यालय भवन का निर्माण

*109. श्री अख्तरूल ईमान (अमौर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत प्रखंड अमौर के उच्च माध्यमिक विद्यालय, परितिया (आमगाछी) एवं उ0 मा0 विद्यालय, तालबाड़ी में BSEDC द्वारा भवन निर्माण का कार्य वर्ष 2020 में प्रारंभ हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि 4 वर्ष से अधिक का समय गुजरने के बाद भी उपर्युक्त दोनों विद्यालयों का भवन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार समय पर कार्य को पूर्ण नहीं करनेवाले संवेदकों पर कार्रवाई के साथ उक्त दोनों विद्यालयों के भवनों का कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

अतिरिक्त कक्षा का निर्माण

*110. श्रीमती मीना कुमारी (बाबूबरही)--क्या मंत्री,शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखंड के पंचायत सतघरा के महादलित टोले में बैरिया माधवापुर सतधारा मध्य विद्यायल स्थापित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में कक्षा 01 से कक्षा 08 की पढ़ाई हेतु मात्र तीन कमरा है जिससे छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में अतिरिक्त वर्ग कक्षाओं का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ऐतिहासिक धरोहर का जीर्णोद्धार

*111. श्री दामोदर रावत (झाझा)--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वामी विवेकानंद जी राज्य में अपने प्रवास के दौरान जमुई जिला के सिमुलतला स्थित जिस आवास में ठहरे थे वह राज्य की एक ऐतिहासिक धरोहर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ऐतिहासिक आवास वर्ष 2024 में सिमुलतला आवासीय विद्यालय के परिसीमा के अंदर आ गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्वामी जी की ऐतिहासिक धरोहर (आवास) का जीर्णोद्धार कर उसे पुस्तकालय अथवा स्वामी विवेकानंद शोध संस्थान के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्यालय भवन का निर्माण

*112. श्री जनक सिंह (तरैया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत तरैया विधान-सभा क्षेत्र के तरैया प्रखंड अन्तर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भागवतपुर एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तरैया का अपना भवन नहीं होने के कारण शिक्षक एवं विद्यार्थियों को पठन-पाठन कार्य में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के नये भवनों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्यालय कोड दिलाना

*113. श्री राजीव कुमार सिंह (तारापुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नई शिक्षा नीति के तहत बिहार सरकार के सभी विद्यालयों को एक विद्यालय कोड प्रदान किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत संग्रामपुर प्रखंड स्थित वर्ष 1989 से मान्यता प्राप्त बालिका उच्च विद्यालय, गोविंदपुर को अबतक विभागीय उदासीनता के कारण विद्यालय कोड नहीं मिलने से यहां अध्ययनरत छात्राओं का अपने विद्यालय से परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाने सहित शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों को भी कई तरह की प्रशासनिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को विद्यालय कोड दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्यालय के चहारदीवारी का निर्माण

*114. श्रीमती गायत्री देवी (परिहार)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनवर्षा प्रखंड अन्तर्गत सिंगवाहिनी पंचायत के सिंगवाहिनी ग्राम में अवस्थित श्री गजाधर सिंह उच्च विद्यालय, जिसमें एक हजार से अधिक छात्र पठन-पाठन करते हैं, का चहारदीवारी नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में आवारा पशु घूमते रहते हैं, जिससे पठन-पाठन में दिक्कत होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में कबतक चहारदीवारी का निर्माण करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्यालय में नए कमरे का निर्माण

*115. श्री कुमार सर्वजीत (बोधगया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत टनकुप्पा प्रखंड के जगन्नाथपुर पंचायत के प्रा0 विद्यालय सुरूंगाबिगहा में नये कमरे के निर्माण एवं जर्जर कमरे की मरम्मती नहीं होने से पठन-पाठन कार्य बाधित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में नये कमरे के निर्माण के साथ जर्जर कमरे की मरम्मती कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पंचायतों को निबंधन कार्यालय से जोड़ना

*116. श्री लखेंद्र कुमार रौशन (पातेपुर)--क्या मंत्री, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड में विभाग के पत्रांक 57/22, दिनांक 16 मार्च, 2022 के आलोक में नया निबंधन कार्यालय की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसमें जन्दाहा प्रखंड के चार पंचायत लक्ष्मीपुर, बरबरट्टा, अदलपुर, मानसिंहपुर को जोड़ा गया है, जिससे इन पंचायतों से निबंधन कार्यालय की दूरी 40 किलो-मीटर है, जबकि पूर्व में इन पंचायतों का निबंधन कार्यालय महुआ था, जिसकी दूरी लगभग 12 किलो-मीटर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायतों के लोगों की सुविधा के लिए पूर्व के निबंधन कार्यालय महुआ में ही कबतक इसे जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्यालयों में पढ़ाई सहित अन्य सुविधायें बहाल करना

*117. श्री जितेन्द्र कुमार (अस्थावां)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार की योजनानुसार बिहार के विभिन्न जिलों सहित नालंदा जिलान्तर्गत बिंद प्रखंड मुख्यालय एवं अस्थावां प्रखंड के ग्राम-मालती में मॉडल विद्यालय भवन का निर्माण पूर्ण हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त मॉडल विद्यालयों में उपस्कर सहित पढ़ाई एवं अन्य व्यवस्था अभी तक प्रारंम्भ नहीं की गई है, जिसके कारण भवन खाली पड़ा हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में पढ़ाई सहित अन्य सुविधायें बहाल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

### शिक्षकों की पुनर्बहाली

*118. श्री समीर कुमार महासेठ (मधुबनी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि एन0सी0टी0ई0, भारत सरकार से अनुमति प्राप्त कर बिहार सरकार द्वारा दिनांक 31 मार्च, 2015 तक नियमावली बनाकर अप्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति नियोजन इकाई द्वारा की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रशिक्षण कराने की जिम्मेवारी राज्य सरकार की थी और प्रशिक्षणोपरांत तीन अवसर उत्तीर्ण करने हेतु दिये जाने का प्रावधान है, परंतु बिना तीन अवसर दिये निदेशक, प्राथमिक शिक्षा द्वारा नवम्बर, 2020 में आर0टी0ई0 संशोधन ऐक्ट के वितरीत सभी अनुत्तीर्ण अप्रशिक्षित शिक्षकों को सेवामुक्त करने का आदेश जारी कर दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सेवामुक्त किये गये अप्रशिक्षित शिक्षकों को अवसर देकर पुनः सेवा में बहाल कर प्रशिक्षित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

### डिग्री कॉलेज में उत्क्रमित करना

*119. श्री बिजय सिंह (बरारी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत समेली प्रखंड स्थित +2 गाँधी उच्च विद्यालय, कृष्ण नगर नौरहिया में संचालित है, परन्तु डिग्री कॉलेज नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन के लिए 40 कि0मी0 की दूरी पर स्थित डिग्री कॉलेज में नामांकन करना पड़ता है जबकि उक्त उच्च विद्यालय डिग्री कॉलेज बनने की सभी अर्हता रखता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त उच्च विद्यालय को डिग्री कॉलेज में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

डिग्री कॉलेज में तब्दील करना

*120. श्री विद्या सागर केशरी (फारबिसगंज)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के रमई पंचायत स्थित +2 उच्च विद्यालय, रमई के पास पर्याप्त भूमि, भवन है एवं यह डिग्री कॉलेज बनने की वांछित योग्यता रखता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के डिग्री कॉलेज बनने से दो अनुमंडलों यथा फारबिसगंज एवं कुर्साकांटा के हजारों छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय को डिग्री कॉलेज में तब्दील करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*121. श्री सतीश कुमार (मखदुमपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत मखदुमपुर प्रखंड क्षेत्र के मखदुमपुर 10+2 विद्यालय का निर्माण 1942 में हुआ है जिसका नया सर्वे में स्कूल की जमीन का नामाकरण हो गया है लेकिन अबतक भवन का निर्माण नहीं हो सका, जिससे 10+2 की पढ़ाई बाधित हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार विद्यालय के नाम सर्वे भूमि पर भवन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

महिला महाविद्यालय खोलने के संबंध में

*122. श्री राजवंशी महतो (चेरिया बरियारपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के 141 चेरिया बरियापुर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत मंझौल अनुमंडल में महिला महाविद्यालय नहीं होने के कारण मंझौल अनुमंडल के छात्राओं को आगे की शिक्षा के लिये वहाँ से 45 किलो मीटर दूर मंझौला या रोसड़ा जाना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मंझौल अनुमंडल के छौराही प्रखंड में महिला महाविद्यालय खुलने से बखरी अनुमंडल के छात्राओं को भी लाभ मिलेगा ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मंझौल अनुमंडल में महिला महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*123. श्री आबिदुर रहमान (अररिया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला अररिया के अररिया प्रखंड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चन्द्रदेई में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण विद्यालय परिसर में असामाजिक तत्व का जमावड़ा बना रहता है एवं विद्यालय की भूमि का अतिक्रमण हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वर्णित विद्यालय का चहारदीवारी निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा राशि देना

*124. श्री दिलीप राय (सुरसंड)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंड के ग्राम-बलिगढ़ निवासी स्वर्गीय देवेन्द्र ढ़ांगर, पिता-महेन्द्र ढ़ांगर की दिनांक 23 जून, 2024 को अज्ञात वाहन द्वारा उनके मोटरसाइकिल के धक्के से मृत्यु हो गई ;

(2) क्या यह बात सही है कि मृत्यु उपरान्त उक्त मृतक के आश्रित को मुआवजा राशि आवेदन के बावजूद अभीतक नहीं मिला है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रित को मुआवजा राशि दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रोन्नति देना

*125. श्री अजीत शर्मा (भागलपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर में पदस्थापित शिक्षकों को विगत पाँच वर्षों से प्रोन्नति नहीं दी जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय में पदस्थापित शिक्षकों को प्रोन्नति देने पर विचार करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय भवन का निर्माण

*126. श्री फते बहादुर सिंह (डेहरी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत डिहरी प्रखंड में रामा रानी जैन बालिका +2 उच्च विद्यालय में भवन की कमी रहने के कारण पठन-पाठन में काफी परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार छात्राओं के अनुपात में नया भवन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

वित्तीय उन्नयन के संबंध में

*127. श्री मुकेश कुमार रौशन (महुआ)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्राथमिक शिक्षा निदेशक-सह-अपर सचिव, शिक्षा विभाग के पत्रांक 448, दिनांक 5 मार्च, 1988 एवं विभागीय पत्रांक 28, दिनांक 28 जुलाई, 1993 के कंडिका 13(2) के द्वारा अप्रशिक्षित शिक्षकों सहित राज्य के अन्य कर्मी को नियुक्ति तिथि से नियमित 10 वर्षों की सेवा उपरान्त प्रथम वित्तीय उन्नयन देने का प्रावधान है, यदि हाँ, तो सरकार संयुक्त निदेशक, प्राथमिक शिक्षा के पत्रांक 45, दिनांक 7 जनवरी, 2025 के निर्देश के आलोक में श्री रामजी प्रसाद मध्य विद्यालय, करमलीचक, पटना सहित अन्य शिक्षकों को नियुक्ति तिथि से 10 वर्षों की नियमित सेवा उपरान्त प्रथम वित्तीय उन्नयन का आदेश कबतक देना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय की स्थापना

*128. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (रक्सौल)--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत रक्सौल विधान सभा क्षेत्र में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिये एक भी आवासीय विद्यालय उपलब्ध नहीं रहने के कारण उक्त समाज के लोगों के बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त क्षेत्र में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वर्कशेड का निर्माण

*129. श्री अजय कुमार (बिभूतिपुर)--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के बिभूतिपुर प्रखंड अन्तर्गत खास टभका दक्षिण पंचायत के वार्ड संख्या 9 एवं टभका पंचायत के वार्ड संख्या 10 के महादलित टोला में सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों वार्डों में सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोहरे नामांकन को रोकना

*130. श्री संजय सरावगी (दरभंगा)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 15 दिसम्बर, 2024 के अंक में प्रकाशित शीर्षक "3.50 लाख छात्रों का निजी में सुविधा ले रहे सरकारी स्कूल से" को ध्यान में रखते हुये, क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में 3.50 लाख ऐसे छात्र हैं, जिनका नामांकन निजी विद्यालय में हुआ है लेकिन वे सरकारी विद्यालय के बच्चों को दी जाने वाली योजनाओं का लाभ भी ले रहे हैं, जिसके कारण प्रतिवर्ष सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है साथ ही कई शैक्षणिक समस्याएँ भी उत्पन्न हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार इस दोहरे नामांकन को रोकने के लिये कोई कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नियमित वेतनमान देना

*131. श्री मुरारी मोहन झा (केवटी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिक्षा सेवक/तालीमी मरकज के शिक्षक जो प्राथमिक विद्यालय/मध्य विद्यालय में 16 वर्षों से अनवरत अपनी सेवा देते आ रहे हैं को मानदेय के रूप में मात्र 22,000 रुपये ही दिया जाता है जिससे उनको जीवन-यापन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार शिक्षा सेवक/तालीमी मरकज को नियमित वेतनमान देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्राथमिक विद्यालय के चाहरदीवारी का निर्माण

*132. श्रीमती मंजु अग्रवाल (शेरघाटी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखण्ड शेरघाटी के ग्राम पंचायत-चेरकी स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय में चहारदीवारी तथा ग्राम पंचायत चिताबकला स्थित प्राथमिक विद्यालय मौजमा में चहारदीवारी नहीं रहने से हमेशा असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बना रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालयों में चहारदीवारी बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अवैध मिट्टी खनन को रोकना

*133. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (मनिहारी)--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत दिलारपुर पंचायत में कृष्णनगर केवाला घाट में अवैध मिट्टी काटे जाने के कारण सरकार द्वारा बाघमारा, गाँधी टोला को कटाव से बचाने के लिये किये गये कटाव निरोधी कार्य एवं दिलारपुर, बौलिया एवं बाघमारा पंचायत के कई गाँवों के गंगानदी के कटाव से कटने की संभावना है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इस अवैध मिट्टी खनन को रोकने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्राथमिक विद्यालय खोलना

*134. श्री शमीम अहमद (नरकटिया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नगरकटिया विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत बंजरिया प्रखण्ड के फुलवार उतरी पंचायत के भरवाटोला ग्राम में प्राथमिक विद्यालय नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत के वर्णित ग्राम के बच्चे 2 से 3 कि0मी0 की दूरी तय कर अन्यत्र स्थानों पर शिक्षा ग्रहण करने जाते हैं, जिससे अभिभावकों के अलावे बच्चों को आने-जाने के काफी कठिनाई होती है, जबकि वर्णित ग्राम में सरकारी जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त वर्णित ग्राम में नया प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

परीक्षा आयोजित करवाना

*135. श्री आलोक रंजन (सहरसा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग के 2024 के परीक्षा कैलेंडर में सितम्बर माह में STET परीक्षा का आयोजन निर्धारित था जो कि अभीतक नहीं लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षा विभाग द्वारा माह सितम्बर 2024 में STET परीक्षा आयोजित नहीं करवाने के कारण सत्र 2022-24 के उत्तीर्ण बी0एड0/स्नातकोत्तर के छात्रों को आगामी शिक्षक भर्ती (BPSC TRE 4.0) परीक्षा से वंचित रहना पड़ सकता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार BSEB 2024 के परीक्षा कैलेंडर में निर्धारित STET परीक्षा का कबतक आयोजन करवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

उच्च विद्यालय स्थापित करना

*136. श्री अचमित ऋषिदेव (रानीगंज, अररिया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत-गुणवंती में छात्राओं के लिए एक उच्च विद्यालय है, किन्तु छात्रों के लिए उच्च विद्यालय नहीं है, जिससे वहाँ के छात्रों को लम्बी दूरी तय कर दूसरे पंचायत हाँसा पढ़ने के लिए जाना पड़ता है जबकि पूर्व में ही प्रत्येक पंचायत में सबके शिक्षा के लिए उच्च विद्यालय स्थापित करने का सरकार का निर्णय है, यदि हाँ, तो क्या सरकार छात्रों के लिए गुणवंती में एक उच्च विद्यालय स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण करना

*137. श्रीमती रश्मि वर्मा (नरकटियागंज)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिला अंतर्गत नरकटियागंज प्रखंड में हरदी टेढ़ा पंचायत के पकड़ी गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पकड़ी में चहारदीवारी एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण छात्राओं को काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पकड़ी में शौचालय सहित चहारदीवारी का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण

*138. श्री प्रमोद कुमार (मोतिहारी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मोतिहारी विधान सभा क्षेत्र के मोतहारी/पिपराकोठी प्रखण्ड तथा मोतिहारी नगर निगम के 42 विद्यालय भवनहीन है, जिसमें 18 विद्यालय का भूमि चयनित हो गया है, जो उतरी ढ़ेकहां कटकुईया, बरियारपुर, लखौरा, रूलही, सुरहां, चांदमारी आदि है, विद्यालय का भवन नहीं रहने के कारण प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को पठन-पाठन में भारी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार भवनहीन विद्यालयों के चयनित स्थल पर भवन निर्माण कराने का विचार सरकार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड का निर्माण

*139. श्री जिवेश कुमार (जाले)--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकारी प्रावधान के अनुसार पांच सौ एवं उससे अधिक आबादी वाले महादलित बस्ती में सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड का निर्माण कराया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत जाले प्रखण्ड के देवरा बंधौली पंचायत एवं ढढ़ीया पंचायत में सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड नहीं है, जबकि दोनों पंचायत में पांच सौ से अधिक महादलित की आबादी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों पंचायत में सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

शिक्षकों की कमी दूर करना

*140. श्री कुमार शैलेन्द्र (बिहपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखंड के सोनवर्षा में प्राथमिक विद्यालय सोनवर्षा दियारा है जिसमें तीन ही शिक्षक है ;

(2) क्या यह बात सही उक्त विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक नहीं हैं एवं न ही किसी को प्रभारी प्रधानाध्यापक का प्रभार ही दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय में शिक्षकों की कमी दूर करने के साथ प्रभारी प्रधानाध्यापक की प्रतिनियुक्ति कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राजकीय विद्यालय का दर्जा देना

*141. श्री छत्रपति यादव (खगड़िया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अंतर्गत विभिन्न सहायता प्राप्त विद्यालयों यथा बापू स्मारक मध्य विद्यालय मानसी, सावित्री कन्या विद्यालय खगड़िया, मध्य विद्यालय बेलासिमरी, मध्य विद्यालय माडर एवं मध्य विद्यालय बेलदौर इत्यादि, में छात्र-छात्राओं की संख्या क्षमता से अधिक है, साथ ही विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं का आभाव है यदि हाँ, तो क्या सरकार वर्णित विद्यालयों का राजकीय विद्यालय का दर्जा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मध्याह्न भोजन योजना शुरू करना

*142. श्री अशोक कुमार चौधरी (सकरा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राजकीय बालिका आदर्श मध्य विद्यालय, गोलाबाजार, समस्तीपुर जो कि शहर के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय कचहरी कैम्पस, काशीपुर के पुराने भवन में स्वतंत्र रूप से संचालित है, का समस्त शैक्षणिक क्रियाकलाप नियमित होने के बाद भी उक्त विद्यालय में दिनांक 30 मई, 2024 से पी0 एम0 पोषण योजना बंद है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन योजना कबतक शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

डिग्री कॉलेज खोलना

*143. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (बहादुरगंज)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ विश्वविद्यालय अंतर्गत किशनगंज जिला के टेढ़ागाछ प्रखंड में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं रहने के कारण निर्धन छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा से वंचित रहना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार टेढ़ागाछ में डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्यालय की घेराबंदी एवं शौचालय का निर्माण

*144. श्री अजय यादव (अतरी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड खिजरसराय के ग्राम पंचायत हथियावा के ग्राम-नादरा में मध्य विद्यालय की घेराबंदी एवं शौचालय का निर्माण आजतक नहीं कराया गया है, जिसके कारण बच्चों के पठन-पाठन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मध्य विद्यालय की घेराबंदी एवं शौचालय निर्माण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मुआवजा राशि का भुगतान करना

*145. श्री राजेश कुमार सिंह (मोहिउद्दीननगर)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिले के (1) स्व०विरजु कुमार, पिता-गणेश पासवान, ग्राम-हरैल, प्रखंड-मोहिउद्दीननगर की मृत्यु दिनांक 12 फरवरी, 2023 (2), स्व० प्रिंस कुमार, पिता-जितेन्द्र कुमार पासवान, ग्राम-कल्याणपुर बस्ती पुरब, प्रखंड-मोहिउद्दीननगर, मृत्यु तिथि 30 अक्टूबर, 2022, (3), स्व० निवास कुमार, पिता-श्री जमदार सिंह, ग्राम-जौनापुर, प्रखंड-मोहनपुर, मृत्यु तिथि 5 अक्टूबर, 2022, (4) स्व० राजेश राम, पिता-स्व० कुलदीप राम, ग्राम-घटहाटोल, प्रखंड-मोहिउद्दीननगर, मृत्यु तिथि 27 जून, 2021 की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी, जिसका सत्यापन विभाग द्वारा किये जाने के बावजूद आज तक मृतकों के आश्रित परिवारों को मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मृतकों के आश्रितों को मुआवजा राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

म्यूजियम बनाना

*146. श्री नारायण प्रसाद (नौतन)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 18 मई, 2024 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''वन भूमि अतिक्रमणकारियों की खैर नहीं मंत्री: बनेगा म्यूजयम'' के आलोक में क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत वाल्मीकिनगर में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से म्यूजियम बनाये जाने की योजना है जिसमें वाटर म्यूजियम पार्क में 7डी के माध्यम से वाल्मीकिनगर टाईगर रिजर्व की विस्तृत जानकारी वन्यजीव, पहाड़, जंगल की दर्शनीय एवं ऐतिहासिक पहलुओं की जानकारी चलचित्र के माध्यम से दी जानी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त म्यूजियम बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

महाविद्यालय खोलना

*147. श्री प्रेम शंकर प्रसाद (बैकुंठपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला गोपालगंज अन्तर्गत बैकुंठपुर विधान सभा क्षेत्र में एक भी महाविद्यालय नहीं होने के कारण इस क्षेत्र के छात्र/छात्राओं को उच्चतर पठन-पाठन हेतु लगभग 35 कि०मी० दूर गोपालगंज या 40 कि०मी० दूर सीवान या मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, छपरा जाना पड़ता है, जबकि सरकार की स्पष्ट नीति है कि 15 से 20 कि०मी० की दूरी से अन्दर छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा की सुविधा दी जायेगी, यदि हाँ, तो सरकार उक्त क्षेत्र में कबतक एक महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन निर्माण कराना

*148. श्री शकील अहमद खाँ (कदवा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत डण्डखोरा प्रखंड के +2 उत्क्रमित उच्च विद्यालय, डण्डखोरा का संचालन मध्य विद्यालय, डण्डखोरा के दो कमरे में किया जा रहा है जिससे कि उक्त विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय के भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

खेल स्टेडियम निर्माण के संबंध में

*149. श्री राम विशुन सिंह (जगदीशपुर)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर प्रखंड के हरदिया पंचायत के मटौली मौजा में NH-319 के समीप 3 एकड़ सरकारी जमीन उपलब्ध है, जिसका खाता सं० 170, 141, खेसरा नं० 575, 559, 531 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में एक क्रीड़ा मैदान का अनिवार्य रूप से निर्माण कराये जाने का प्रावधान है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सरकारी जमीन पर खेल स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

नामांकन प्रारंभ करवाना

*150. श्री गुंजेश्वर साह (महिषी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मार्च 1976 में स्थापित अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय जो सहरसा जिला का एकमात्र अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय है, में विगत चार सत्रों यथा 2021/23, 2022/24, 2023/25 व 2024/26 से एक भी छात्र-छात्राओं का नामांकन बी०एड० में नहीं हो पा रहा है, जिससे यहां के छात्र-छात्राओं का काफी नुकसान हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, सहरसा में बी०एड० में नामांकन प्रारंभ करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

व्यापारियों से स्टेशनरी किट खरीदने के संबंध में

*151. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह (आरा)--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 30 दिसम्बर, 2024 को प्रकाशित शीर्षक ''राज्य के दस हजार कॉपी स्टेशनरी कारोबारियों की हालत खराब'' ध्यान में रखते हुये, क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में कक्षा 1 से 12 तक सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को मुफ्त में कॉपी, पेन, पेंसिल, रबड़ सहित कई स्टेशनरी 'मुफ्त किट योजना' के तहत दी जानी वाली कीट की खरीदारी राज्य के बाहर के कारोबारियों से की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस उपेक्षा के कारण राज्य के इस क्षेत्र के लगभग दस हजार कॉपी स्टेशनरी उद्यमियों व व्यावसायियों का कारोबार ठप हो गया है तथा राज्य के तीन पेपर मिल बंद होने के कगार पर भी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुफ्त कीट योजना के तहत राज्य के कारोबारियों से कॉपी सहित अन्य स्टेशनरी खरीद करने या उक्त स्टेशनरी कीट की राशि बच्चों के खातों में भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

आँगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण

*152. श्री विजय कुमार (शेखपुरा)--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत चेवाड़ा प्रखंड के सियानी पंचायत के ग्राम-उकसी के वार्ड नं०-10 एवं ग्राम-बेलछी के वार्ड नं०-9 में आँगनबाड़ी केन्द्र का अपना भवन उपलब्ध नहीं रहने के कारण इनका संचालन क्रमश: प्राथमिक विद्यालय, उकसी एवं प्राथमिक विद्यालय, बेलछी में किया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप वर्णित विद्यालयों के बच्चों को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा अपने पत्रांक 304/2024, दिनांक 10 अक्टूबर, 2024 विभागीय मंत्री, सचिव, समाज कल्याण विभाग एवं निदेशक, आई०सी०डी०एस० निदेशालय, (समाज कल्याण विभाग) को पत्र देने के बावजूद भी अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित आँगनबाड़ी केन्द्रों को अपना भवन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्टेडियम का जीर्णोद्धार कराना

*153. श्री ललित कुमार यादव (दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत मनीगाछी प्रखंड के बलौर स्टेडियम एवं दहौड़ा सकरी स्टेडियम की चहारदीवारी क्षतिग्रस्त है, जिस कारण युवाओं को खेलकूद में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों स्टेडियम का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अपार आई डी जेनरेट करना

*154. श्री मुकेश कुमार यादव (बाजपट्टी)--दिनांक 29 जनवरी, 2025 को सीतामढ़ी संस्करण के समाचार-पत्र में छपी खबर शीर्षक ''3.22 लाख बच्चों का अपार आईडी बनाने का काम पेंडिंग'' को ध्यान में रखते हुए, क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत कुल 2916 सरकारी व निजी स्कूलों में कक्षा पहली से 12 वीं तक अध्ययनरत 6,09,953 बच्चों का अपार आईडी बनाने का लक्ष्य निर्धारित है, जिसमें अबतक मात्र 2,83,966 बच्चों का ही अपार आईडी जेनरेट किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार 3,22,755 शेष बच्चों का कबतक अपार आईडी जेनरेट कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

महाविद्यालय स्थापित करना

*155. श्री राकेश कुमार रौशन (इस्लामपुर, नालंदा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के इस्लामपुर नगर परिषद् क्षेत्र में जी0एम0के0 +2 उच्च विद्यालय वित्तीय वर्ष 1952-53 से सुचारू रूप से चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस्लामपुर एवं एकंगर प्रखंड में कोई भी सरकारी डिग्री महाविद्यालय नहीं रहने के कारण स्नातक की पढ़ाई के छात्र-छात्राओं को हिलसा या जिला मुख्यालय बिहारशरीफ जाना पड़ता है जिसमें वे उच्चतर पढ़ाई छोड़ देते हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि जी0एम0के0 +2 उच्च विद्यालय, इस्लामपुर स्नातक महाविद्यालय में उत्क्रमित होने की सभी अर्हता पूरा करता है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय को स्नातक महाविद्यालय के रूप में स्थापित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चहारदीवारी का निर्माण

*156. श्रीमती रेखा देवी (मसौढ़ी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत धनरूआ प्रखंड में उच्च माध्यमिक 10+2 विद्यालय, पंडितगंज, धनरूआ अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उच्च विद्यालय का चहारदीवारी नहीं रहने के कारण विद्यालय परिसर में आवारा पशु घूमते रहते हैं एवं विद्यालय परिसर को गंदा करते हैं, जिससे छात्र-छात्राओं को खेल-कूद करने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय में कबतक चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*157. श्री अखतरूल ईमान (अमौर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिला अंतर्गत प्रखंड अमौर एवं बैसा में भवनहीन विद्यालयों की संख्या क्रमश: 20 एवं 15 है जिसके कारण छात्र-छात्राओं को दूर के विद्यालयों में अध्ययन करने हेतु जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंडों के भवनहीन विद्यालयों के भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अनुदान राशि का भुगतान

*158. श्रीमती मीना कुमारी (बाबुबरही)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक एवं कर्मी पूर्ण निष्ठा के साथ वर्षों से अंगीभूत महाविद्यालयों के कर्मियों की तरह कार्य करते आ रहे हैं, किन्तु इन्हें आजतक अनुदान या वेतनमान का लाभ नहीं मिल पाया है, यदि हाँ, तो सरकार वर्ष 2017 से अनुदान राशि एकमुश्त विमुक्त कर भुगतान करने तथा वेतनमान का लाभ देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

-------------

वर्ग (कक्षा) का निर्माण

*159. श्री दामोदर रावत (झाझा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिला अन्तर्गत लक्ष्मीपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय, ककनचौर एवं मध्य विद्यालय, आनन्दपुर को +2 उच्च विद्यालय में उत्क्रमित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों ही +2 उच्च विद्यालयों में कमरों के अभाव के कारण छात्र-छात्राओं के वर्गवार पठन-पाठन में दिक्कत हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार छात्र-छात्राओं के वर्गवार पठन-पाठन के लिए दोनों ही +2 उच्च विद्यालय में अतिरिक्त वर्ग (कक्षा) का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्यालय भवन का निर्माण

*160. श्री जनक सिंह (तरैया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत तरैया विधान-सभा क्षेत्र के पानापुर प्रखंड अन्तर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, टोटहा जगतपुर एवं इसुआपुर प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केरवां का अपना भवन नहीं होने के कारण शिक्षक एवं विद्यार्थियों को पठन-पाठन कार्य में बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के नये भवनों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्यालय भवन का निर्माण

*161. श्री राजीव कुमार सिंह (तारापुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत तारापुर प्रखंड के वार्ड नं0 12, गोगाचक स्थित प्राथमिक विद्यालय, गोगाचक का भवन अत्यंत जर्जर अवस्था में है तथा इसके निर्माण हेतु ग्रामीणों द्वारा राज्यपाल के नाम से 12 डिसमिल भूमि दान में दी गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा वर्ष 2023-24 में विद्यालय निर्माण कार्य हेतु टेंडर भी निकाला गया परंतु उसे रद्द कर इस विद्यालय को मध्य विद्यालय +2, तारापुर में विलय कर दिया गया, जिससे छोटे बच्चों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राथमिक विद्यालय, गोगाचक को मध्य विद्यालय-2, तारापुर से स्वतंत्र कर गोगाचक में ही इसके लिए एक नया विद्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय में भवन निर्माण

*162. श्रीमती गायत्री देवी (परिहार)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखंड अन्तर्गत पुरन्दाहा रजवाड़ा पश्चिमी पंचायत के लालबन्दी ग्राम में प्राथमिक विद्यालय का भवन नहीं रहने के कारण छात्रों को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार प्राथमिक विद्यालय, लालबन्दी में भवन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय में नये कमरे का निर्माण

*163. श्री कुमार सर्वजीत (बोधगया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत टनकुप्पा प्रखंड के चोमार पंचायत के प्राथमिक विद्यालय, छकौड़ी बिगहा में नये कमरे के निर्माण एवं जर्जर कमरे की मरम्मती नहीं होने से विद्यालय के छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में नये कमरे के निर्माण एवं जर्जर कमरे की मरम्मती कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रध्यापक एवं कर्मचारियों की बहाली

*164. श्री लखेंद्र कुमार रौशन (पातेपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के पातेपुर प्रखंड में अवस्थित श्रीराम प्रकाश संस्कृत महाविद्यालय में दशकों से जर्जर भवन में ही पठन-पाठन होती है तथा इसमें कई वर्षों से प्राध्यापक एवं कर्मचारियों की बहाली नहीं की गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त महाविद्यालय के भवन का निर्माण कराते हुये प्राध्यापक एवं कर्मचारी की बहाली कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का जीर्णोद्धार

*165. श्री जितेंद्र कुमार (अस्थावां)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावां विधान सभा क्षेत्र के कतरीसराय प्रखंड में बिलारी पंचायत के ग्राम-कमल बिगहा में निर्मित स्टेडियम के जीर्णोद्धार, चहारदीवारी निर्माण आदि हेतु प्राक्कलित राशि की स्वीकृति विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या 106, दिनांक 18 अक्टूबर, 2024 द्वारा दिये जाने के बावजूद अभीतक स्टेडियम का जीर्णोद्धार सहित अन्य कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्टेडियम के जीर्णोद्धार सहित अन्य कार्य को कबतक प्रारंभ कर पूर्ण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षकों के स्नातक वेतनमान निर्धारण एवं पदस्थापन के संबंध में

*166. श्री समीर कुमार महासेठ (मधुबनी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधुबनी के आदेश ज्ञापांक 4628 एवं 4630, दिनांक 30 नवम्बर, 2023 के आलोक में कुल 21 शिक्षकों ने दिनांक 30 नवम्बर, 2023 को योगदान किया है किन्तु स्नातक वेतनमान में वेतन निर्धारण हेतु उपर्युक्त शिक्षकों की सेवा पुस्तिका सहित सभी वांछित कागजात जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) के कार्यालय में जमा करा दिये जाने के बावजूद आजतक न तो सभी शिक्षकों का पदस्थापन प्रधानाध्यापक के पद पर किया गया है और न ही वेतनमान का निर्धारण किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सभी शिक्षकों को शैक्षणिक योग्यता के आधार पर स्नातक वेतनमान निर्धारित करने एवं प्रधानाध्यापक के रिक्त पदों पर उन्हें पदस्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

संबंधन देना

*167. श्री बिजय सिंह (बरारी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बरारी प्रखंड में स्थित भगवती मंदिर महाविद्यालय, बरारी में स्नातक-विज्ञान संकाय भौतिकी, रसायन शास्त्र, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं गणित विषयों में स्नातक पास एवं प्रतिष्ठा स्तर तक संबंधन प्राप्त था, जिसे समाप्त कर दिया गया है, जबकि उक्त महाविद्यालय सारी अर्हता पूरी करता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त महाविद्यालय में उक्त विषयों में स्नातक पास एवं प्रतिष्ठा स्तर तक संबंधन देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुनः पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति लागू करने के संबंध में

*168. श्री सतीश कुमार (मखदुमपुर)--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार उनके बेहतर भविष्य के लिये पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति दिया करती थी ;

(3) उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पुनः पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कबतक लागू करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई

*169. श्री राजवंशी महतो (चेरिया बरियारपुर)--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, खोदावंदपुर अतिरिक्त प्रभार छौराही के विरुद्ध समाज कल्याण विभाग के पत्रांक 5927, दिनांक 19 नवम्बर, 2024 एवं समेकित बाल विकास निदेशालय के पत्रांक 5882, दिनांक 19 अक्टूबर, 2024 के द्वारा प्रपत्र 'क' गठित किया गया है परंतु आजतक इसपर कोई कार्रवाई नहीं हुई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के विरुद्ध जाँच कर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करना

*170. श्री आबिदुर रहमान (अररिया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला में पदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा भागलपुर के संवेदक को मनमाने दर पर बेंच-डेस्क, टेबुल, गोदरेज, प्रिंटर इत्यादि सप्लाई का कार्य आवंटित किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कार्य की जाँच कराने एवं दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा राशि देना

*171. श्री दिलीप राय (सुरसंड)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंड के ग्राम-लालपुर निवासी स्वर्गीय श्रीचन यादव, पिता-स्वर्गीय प्रसाद राय की मृत्यु दिनांक 19 मार्च, 2022 को वाहन संख्या BR30AD0235 द्वारा उनके मोटरसाइकिल को धक्का लगने से हो गई ;

(2) क्या यह बात सही है कि मृत्यु उपरान्त उक्त मृतक के आश्रित को आवेदन के बावजूद मुआवजा राशि अभीतक नहीं मिला है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रित को मुआवजा राशि दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुंगेर विश्वविद्यालय का नामकरण

*172. श्री अजीत शर्मा (भागलपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में दर्जन से अधिक संख्या में परम्परागत विश्वविद्यालय यथा, तिलकामांझी भागलपुर वि0वि0, जयप्रकाश वि0वि0, छपरा, डॉ0 भीमराव अम्बेदकर वि0वि0, मुजफ्फरपुर आदि है जिसमें से एक वर्ष 2018 में गठित मुंगेर विश्वविद्यालय भी है, जिसका क्षेत्राधिकार मुंगेर, खगड़िया, जमुई, शेखपुरा और लखीसराय जिला तक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि महान स्वतंत्रता सेनानी और बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री, बिहार केसरी, डॉ0 श्रीकृष्ण सिंह, मुंगेर जिला के ही निवासी थे ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मुंगेर विश्वविद्यालय का नाम बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ0 श्रीकृष्ण सिंह के नाम पर डॉ0 श्रीकृष्ण सिंह विश्वविद्यालय करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :
दिनांक 4 मार्च, 2025 (ई0) ।

ख्याति सिंह,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

बि0स0मु0, 77 (एल0ए0), 2024-25-डी0टी0पी0-550

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
2025